ADITYA BIRLA

HINDALCO

दिनांक : 24.07.2021

सेवा में,
श्रीमान् प्रभागीय वनाधिकारी
रेणुकूट वन प्रभाग, रेणुकूट,
सोनभद्र, उत्तर प्रदेश।

विषयः जनपद–सोनभद्र में हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (रेणुसागर पावर डिवीजन), रेणुसागर को 132 के0वी0 विद्युत पारेषण लाईन हेतु हस्तांतरित 52.9666 हेक्टेयर आरक्षित वन भूमि के पट्टे का 25 वर्षो (दिनांक 15.10.2021 से 14.10.1946 तक) के लिये नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव संख्या FP/UP/TRANS/41830/2019 के संबंध में ।

संदर्भः 1. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, लखनऊ का पत्रांक 167/11–सी–FP/UP/Trans/41830/2019 दिनांक 14.07.2021
2. आपका पत्रांक 167/ रेणुकूट/ 15–27 दिनांक 16.07.2021

महोदय,

विषयक प्रकरण में उपरोक्त पत्रों का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसके द्वारा निम्नलिखित नौ बिन्दुओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया है। उक्त बिन्दुओं का निराकरण कर दिया गया है जो निम्न प्रकार है :–

| क्रम सं0 | विवरण | अनुपालन आख्या |
|---|---|---|
| 1 | विषयगत प्रस्ताव के ऑनलाईन भाग–1 में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा अपलोड किये गये सभी अभिलेखों में लीज नवीनीकरण की अवधि दिनांक 17.07.2021 से 16.07.2046 तक का उल्लेख किया गया है, जबकि आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव में संलग्न सभी अभिलेखों में लीज नवीनीकरण की अवधि दिनांक 15.10.2021 से 15.10.2046 तक का उल्लेख किया गया है, जो कि परस्पर विरोधाभाष एवं त्रुटिपूर्ण है । अतः विषयगत प्रस्ताव का पुनः परीक्षण कर वास्तविक लीज अवधि के नवीनीकरण का संशोधित प्रस्ताव ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रेषित करें। | विषयगत प्रस्ताव के ऑनलाईन भाग–1 में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा पुराने अभिलेखों को हटाकर उसके जगह संशोधित अभिलेख (जिसमें लीज नवीनीकरण की अवधि दिनांक 15.10. 2021 से 14.10.2046 तक है) पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है तथा हार्डकापी के रूप में प्रेषित है। |
| 2 | प्रस्ताव में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष के पत्रांक 1428/ 11–सी, दिनांक 16.12.2020 के क्रम में संलग्न किया DSS Analysis प्रमाण पत्र मुख्य वन संरक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित नहीं किया गया है। अतः मुख्य वन संरक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित युक्त प्रमाण पत्र संलग्न कर अपलोड करें । | इस आपत्ति का निराकरण वन विभाग द्वारा किया जाना है । |

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District, Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: 91 22 6691 7001
Corporate ID No.: L27020MH1958PLC011238

ADITYA BIRLA
HINDALCO

| | | |
|---|---|---|
| 3 | परियोजना में लागत लाभ विश्लेषण से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न है, किन्तु प्रमाण पत्र में हरियाली घनत्व गलत अंकित है। अतः सही हरियाली घनत्व अंकित कर संशोधित लागत लाभ विश्लेषण से संबंधित प्रमाण पत्र प्रस्ताव में संलग्न कर ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड करें । | परियोजना में लागत लाभ विश्लेषण प्रमाण पत्र में हरियाली घनत्व को संशोधित कर पोर्टल पर यथास्थान अपलोड कर दिया गया है । |
| 4 | प्रभावित वनभूमि के सापेक्ष दुगने अवनत वनभूमि का 10 वर्षो का अनुरक्षण सहित प्राक्कलन संलग्न है, किन्तु ऑनलाइन भाग–2 के कमांक–13(ii) में पूर्ण प्राक्कलन अपलोड नहीं किया गया है। अतः प्रस्ताव में संलग्नानुसार पूर्ण प्राक्कलन ऑनलाइन भाग–2 के कमांक–13(ii) में अपलोड करें। | इस आपत्ति का निराकरण वन विभाग द्वारा किया जाना है । |
| 5 | प्रस्तावित वनभूमि पर प्रस्तावित लाइन के नीचे बौने (औषधीय) पौधों के वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो का अनुरक्षण सहित प्राक्कलन संलग्न नहीं है । | इस संबंध में अवगत कराना है कि चूंकि प्रश्नगत पारेषण लाईन लगभग 50 वर्ष पुरानी है अतः इसके नीचे प्राकृतिक रूप से स्थानीय प्रजाति के वृक्ष मौजूद है, जिनकी प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रतिवर्ष वन विभाग से अनुमति प्राप्त कर शाखा तराशी की जाती है। अतः इन परिस्थितियों में बौने प्रजाति (Drarf Plant) के वृक्षारोपण की आवश्यकता नहीं है। |
| 6 | हार्डकापी भाग–2 में क्षतिपूरक वृक्षारोपण से संबंधित विवरण का उल्लेख नहीं किया गया है तथा हार्डकापी भाग–2 भी अपूर्ण है। अतः पूर्ण हार्डकापी भाग–2 प्रस्ताव में संलग्न कर ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड करें। | इस आपत्ति का निराकरण वन विभाग द्वारा किया जाना है । |
| 7 | हार्डकापी भाग–2 के District Profile के बिन्दु–8(iv) में विवरण अंकित नहीं है । | इस आपत्ति का निराकरण वन विभाग द्वारा किया जाना है । |
| 8 | ऑनलाइन भाग–2 के कमांक–16 में मुख्य वन संरक्षक और प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा अपलोड किये गये संस्तुति प्रमाण में लीज अवधि का गलत उल्लेख किया गया है । अतः इसे एन0आई0सी0, नई दिल्ली से डिलिट कराते हुये संशोधित लीज अवधि का संस्तुति प्रमाण पत्र ऑनलाइन भाग–2 के कमांक–16 में अपलोड करें । | इस आपत्ति का निराकरण वन विभाग द्वारा किया जाना है । |
| 9 | ऑनलाइन पार्ट–1 व ऑनलाइन पार्ट–2 में अपलोड किये गये सभी अभिलेखों को, जिसमें लीज अवधि का गलत उल्लेख किया गया है, को डिलिट कर संशोधित अभिलेख यथास्थान पर अपलोड करें । | ऑनलाइन पार्ट–1 में अपलोड किये गये सभी अभिलेखों को हटाकर उसके जगह संशोधित अभिलेखो को यथास्थान अपलोड कर दिये गये हैं। ऑनलाइन पार्ट–2 के आपत्तियों का निराकरण वन विभाग द्वारा किया जाना है । |

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District, Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: 91 22 6691 7001
Corporate ID No.: L27020MH1958PLC011238

ADITYA BIRLA

HINDALCO

उपरोक्त प्रस्ताव की संशोधित हार्डकापी (चार प्रतियों) में इस पत्र के साथ संलग्न है। मुख्य वन संरक्षक, मिर्जापुर की हार्डकापी में हमारे प्रतिनिधि द्वारा स्वयं जाकर संशोधन कर दिया जायेगा ।

अतः श्रीमान्जी से अनुरोध है कि विषयक प्रकरण में अपने स्तर से अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

सधन्यवाद,

भवदीय,
कृते हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

24/07/2021

(विवेक कुमार)
हेड–लीगल

संलग्नक : उपरोक्तानुसार (चार प्रतियों में)

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District, Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 I Fax: +91 5446 252107/252427 I E: hindalco@adityabirla.com I W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 I Fax: 91 22 6691 7001
Corporate ID No.: L27020MH1958PLC011238